# (Geo.)-6

**1.** पृथ्वी पर सर्वाधिक विस्तार किस मण्डल का है?
(1) स्थलमण्डल
(2) जलमण्डल
(3) उपरोक्त दोनों बराबर हैं
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

**2.** निम्न में से कौन-सी प्रक्रिया जल चक्र से सम्बन्धित है?
A. वाष्पन
B. संघनन
C. वर्षा
(1) A और B
(2) B और C
(3) A और C
(4) A, B और C

**3.** निम्न जल स्रोतों की मात्रा के आधार पर अवरोही क्रम में व्यवस्थित करें
(1) महासागर-भूमिगत जल-झील-हिमटोपियाँ
(2) महासागर-हिमटोपियाँ-भूमिगत जल-झील
(3) महासागर-झील-भूमिगत जल-हिमटोपियाँ
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं।

**4.** निम्न में से गलत युग्म बताइए।
A. अटलाण्टिक महासागर-हडसन की खाड़ी
B. प्रशान्त महासागर-बेरिंग जलसंधि
C. हिन्दमहासागर-कारा सागर
D. अंटार्कटिक महासागर-बैफिन बे

**5.** निम्नलिखित में कौन-सा/से सिजिगी की घटना में शामिल है?
(1) सूर्य ग्रहण (2) चन्द्रग्रहण
(3) 1 और 2 दोनों (4) इन में से कोई नहीं।

**6.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए
A. कनाडा के न्यू ब्रांसविक तथा नोवा स्कोशिया के बीच फण्डी की खाड़ी में सर्वाधिक ऊँचा ज्वार आता है
B. साउथैम्पटन में प्रतिदिन दो बार ज्वार भाटा आता है।
उपरोक्त में कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(1) केवल A
(2) केवल B
(3) A और B दोनों
(d) न तो 1 न ही B

**7.** निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन असत्य है?
(1) कॉरिओलिस बल के कारण उत्तरी गोलार्द्ध की जलधारा अपनी बाईं ओर तथा दक्षिणी गोलार्द्ध की जलधारा अपनी दाईं ओर मुड़ जाती है।
(2) कॉरिओलिस बल का प्रभाव हिन्द महासागर में नहीं होता है।
(3) विषुवत् रेखा से ध्रुवों की ओर गर्म जलधारा का प्रवाह होता है।
(4) ध्रुव से विषुवत् रेखा की ओर ठण्डी जलधारा प्रवाहित होती है।

**8.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए

| झील | | अवस्थिति |
|---|---|---|
| A. ठिसो सिकरू | — | तिब्बत |
| B. बैकाल | — | रूस |
| D. टिटिकाका | — | पेरू तथा उरुग्वे |

उपरोक्त में कौन-सा/से कथन सुमेलित है/हैं?
(1) केवल A
(2) A और B
(3) B और C
(4) A, B और C

**9.** निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए

| | झील | | राज्य |
|---|---|---|---|
| A. | डीडवाना | 1. | जम्मू-कश्मीर |
| B. | स्टैनले | 2. | राजस्थान |
| C. | डल | 3. | तमिलनाडु |
| D. | लोकटक | 4. | मणिपुर |

कूट

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (2) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (3) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (4) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**10.** जल संरक्षण के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?
(1) वन अथवा वनस्पति आवरणों के द्वारा भूमिगत जल के स्तर को सुधारा जा सकता है।
(2) पृष्ठीय प्रवाह को नियन्त्रित करना जल संरक्षण तरीकों में से एक है
(3) स्प्रिंकलर वाष्पीकरण को प्रभावी तरीके से नियन्त्रित करते हैं।
(4) जल अनवीकरणीय संसाधन है

**11.** महासागर का जल तालाब और झील के शान्त जल के विपरीत लगातार गतिमान रहता है। निम्नलिखित में से कौन-सा जल का प्रवाह या गति नहीं है?
(1) जल चक्र
(b) ज्वार-भाटा
(c) धाराएँ
(d) तरंगें

**12.** उत्तरी अमेरिका का पूर्वी तट व जापान के आसपास समुद्र मत्स्य प्रचुर हैं, क्योंकि
(1) तट के साथ गर्म धारा बहती है
(2) गर्म व ठण्डी धाराओं का मिलन है
(3) तट के साथ एक ठण्डी धारा बहती है
(4) दन्तुरित तटीय क्षेत्र है

**13.** अटलाण्टिक महासागर के विषय में निम्नलिखित तथ्य पढ़ें
A. यह अंग्रेजी के 'S' अक्षर के आकार का है।
B. इसकी तट-रेखा सरल रेखीय व निर्बाध है।
C. व्यापारिक दृष्टि से यह सबसे व्यस्त महासागर है।
उपरोक्त में कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(1) A और C (2) A और B
(3) B और C (4) ये सभी

**14.** अटलाण्टिक महासागर में अनेक पोताश्रय एवं पत्तन हैं, क्योंकि
(1) संयुक्त राज्य अमेरिका एवं यूरोप के बीच भारी मात्रा में समुद्री व्यापार होता है
(2) अटलाण्टिक महासागर में मत्स्य उद्योग विकसित है
(3) अटलाण्टिक महासागर की तट रेखा अधिक दन्तुरित है
(4) अटलाण्टिक महासागर की तट रेखा अधिक छिछली है।

**15.** विश्व का सबसे बड़ा नदी बेसिन कौन-सा है?
(1) गंगा नदी बेसिन (2) नील नदी बेसिन
(3) मिसीसिपी नदी बेसिन (4) अमेजन नदी बेसिन

**16.** निम्नलिखित में से कौन जहाजों के नौकायन में सहायता करता है?
(1) ऐसे क्षेत्र जहाँ गर्म समुद्री धाराएँ और शीत समुद्री धाराएँ मिलती हैं
(2) समुद्री धाराओं का क्षेत्र
(3) उच्च ज्वारीय क्षेत्र
(4) कम ज्वार का क्षेत्र

**17.** कोलकाता बन्दरगाह ......पर/में स्थित है।
(1) गंगा सागर (2) बंगाल की खाड़ी
(3) हुगली नदी (4) भागीरथी नदी

**18.** लक्षद्वीप द्वीपसमूह......में स्थित है।
(1) हिन्द महासागर
(2) अरब सागर
(3) बंगाल की खाड़ी
(4) दक्षिण चीन सागर

**19.** बेरिंग जलडमरूमध्य पानी का संकरा भाग है जो जोड़ता है
(1) प्रशान्त महासागर और अटलाण्टिक महासागर
(2) अटलाण्टिक महासागर और हिन्द महासागर
(3) आर्कटिक महासागर और प्रशान्त महासागर
(4) हिन्द महासागर और प्रशान्त महासागर

**20.** अमेजन बेसिन के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन सही है?
(1) अमेजन नदी डेल्टा का निर्माण करती है जो मैंग्रूव वनों से ढका है
(2) अमेजन नदी बेसिन ब्राजील, पेरू, बोलीविया, अर्जेण्टिना के भागों से अपवाहित होती है
(3) अमेजन बेसिन भूमध्यरेखीय प्रदेश में आता है
(4) अमेजन नदी भूमध्यरेखीय प्रदेश से होकर पश्चिम दिशा में बहती है

**21.** महासागरीय धाराओं के सम्बन्ध में नीचे दिए गए दोनों कथनों A और B पर विचार कीजिए तथा सही उत्तर का चयन कीजिए।
A. उष्ण (गर्म) महासागरीय धाराएँ भूमध्य रेखा के निकट उत्पन्न होती हैं और ध्रुवों की ओर प्रवाहित होती हैं।

B. शीत (ठण्डी) महासागरीय धाराएँ निम्न अक्षांशों से उच्च अक्षांशों को जल ले जाती हैं।

(1) A और B दोनों सही हैं

(2) A गलत है और B सही है

(3) A और B दोनों गलत हैं

(4) A सही है और B गलत है

**22.** कृष्णराज सागर बाँध निम्नलिखित नदियों में से किस पर बनाया गया है?

(1) गोदावरी (2) कृष्णा

(3) कावेरी (4) महानदी

**23.** निम्नलिखित में से किस विषय सामग्री को पाई आरेख के द्वारा सबसे अच्छी तरह प्रदर्शित किया जा सकता है?

(1) जलाशयों का वितरण

(2) वायुदाब का वितरण

(3) समुद्री लहरों का वितरण

(4) तापमान का वितरण

**24.** मनाकी पर्वत (हवाई द्वीप) सागर की सतह के नीचे स्थित है और इसकी ऊँचाई एवरेस्ट पर्वत से भी अधिक है। यह निम्नलिखित महासागरों में से किसमें स्थित है?

(1) अटलाण्टिक महासागर

(2) हिन्द महासागर

(3) प्रशान्त महासागर

(4) आर्कटिक महासागर

EduBull.com

**उत्तरमाला :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. (2) | 2. (4) | 3. (2) | 4. (3) | 5. (3) |
| 6. (3) | 7. (1) | 8. (2) | 9. (2) | 10. (4) |
| 11. (1) | 12. (2) | 13. (1) | 14. (3) | 15. (4) |
| 16. (3) | 17. (3) | 18. (2) | 19. (1) | 20. (3) |
| 21. (4) | 22. (3) | 23. (1) | 24. (3) | |